दिनांकः **27.06.2026**

-प्रेस नोट-

# वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद सहारनपुर, उत्तर प्रदेश

## ***थाना रामपुर मनिहारान साइबर हेल्प डेस्क टीम द्वारा साइबर ठगी के माध्यम से ठगी गयी 20,000/- रूपये की शतप्रतिशत धनराशि पीडित के खाते में करायी गयी वापस***

***घटना का विवरणः-***

*दिनांक 16.04.2025 को फ्राडस्टर के द्वारा उसके साथ परिचित बनकर झांसा देकर शिकायतकर्ता रागिब इस्लाम नि0 ग्राम चुन्हेटी गाढा थाना रामपुर मनिहारान जनपद सहारनपुर के साथ 20,000/- रूपये फ्राड कर लिया गया था। जिसके सम्बन्ध मे शिकायतकर्ता उपरोक्त द्वारा दिनांक 16.04.2025 को आनलाइन साइबर पोर्टल पर साइबर फ्राड शिकायत सं0 33104250045638 दर्ज करायी थी।*

***पुलिस कार्यवाहीः-***

***वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, सहारनपुर के निर्देशन में साइबर अपराध की रोकथाम व साइबर फ्राड में ठगी गयी धनराशि पीडितों के खाते में वापस कराये जाने हेतु चलाये जा रहे अभियान के अनुपालन में** पुलिस अधीक्षक नगर/नोडल अधिकारी (साइबर अपराध) एवं क्षेत्राधिकारी नकुड के निकट पर्यवेक्षण मे तथा थाना प्रभारी श्री उम्मेद कुमार के कुशल नेतृत्व में थाना रामपुर मनिहारान साइबर हेल्प डैस्क टीम द्वारा साइबर शिकायत संख्या 33104250045638 में प्रभावी कार्यवाही करते हुए पीडित उपरोक्त की साइबर फ्रॉड मे ठगी गयी कुल धनराशि 20,000.00**/- रूपये** शत प्रतिशत होल्ड करायी गयी थी।*

***इसी क्रम में उपरोक्त साइबर शिकायत में प्रभावी कार्यवाही करते हुए पीडित उपरोक्त की साइबर फ्राड के माध्यम से ठगी गयी राशि कुल 20,000/- रूपये MRM पोर्टल के माध्यम से शत प्रतिशत पीडित के खाते में वापस** करायी। पीडित द्वारा धनराशि खाते में वापस पाकर साइबर हैल्प डैस्क थाना रामपुर मनिहारान का आभार प्रकट किया।*

***पीडित का नाम व पताः-***

*रागिब इस्लाम निवासी ग्राम चुन्हेटी गाढा थाना रामपुर मनिहारान जनपद सहारनपुर*

***बरामदगी का विवरण***

*20,000/- रूपये*

***धनराशि वापस कराने वाली साइबर टीमः-***

1. *प्रभारी निरीक्षक श्री उम्मेद कुमार थाना रामपुर मनिहारन जनपद सहारनपुर*
2. *उ0नि0 श्री पुष्पेन्द्र सिंह थाना रामपुर मनिहारन जनपद सहारनपुर*
3. *म0उ0नि0 श्रीमती नेहा थाना रामपुर मनिहारन जनपद सहारनपुर*
4. *कम्पयूटर आपरेटर कपिल देव थाना रामपुर मनिहारन जनपद सहारनपुर*
5. *है0का0 1067 दीपक थाना रामपुर मनिहारन जनपद सहारनपुर*
6. *म0का0 775 आकांक्षा सिंह थाना रामपुर मनिहारन जनपद सहारनपुर*
7. *म0का0 158 कविता सिंह थाना रामपुर मनिहारन जनपद सहारनपुर*

दिनांक: 27.06.2026

-प्रेस नोट-

# वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद सहारनपुर उत्तर प्रदेश

## थाना मिर्जापुर, सहारनपुर पुलिस द्वारा अवैध खनन परिवहन करते 07 डम्फर किये गये सीज

*अवगत कराना है कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, सहारनपुर के निर्देशन में अपराध की रोकथाम व अवैध खनन परिवहन की रोकथाम हेतु जनपदीय पुलिस द्वारा लगातार संघन चेकिंग की जा रही है। इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक ग्रामीण एवं उपजिलाधिकारी बेहट के निकट पर्यवेक्षण में तथा क्षेत्राधिकारी बेहट के कुशल नेतृत्व में व प्रभारी निरीक्षक थाना मिर्जापुर श्री सूबे सिंह मय थाना मिर्जापुर पुलिस टीम द्वारा दिनांक 26.06.2026 को चेकिंग के दौरान अवैध खनन परिवहन करते* ***07 डम्फर (1. UP 11 DT 3336, 2.UP 11DT 5768, 3.UP 11AT 2367, 4.UP 11DT 0664, 5.UP 11DT 7616, 6.HR 37E 0068 व 7.UK 17CA2172) को सीज*** *किया गया। सीज किये गये वाहनो के विरूद्ध आवश्यक विधिक कार्यवाही करते हुए सम्बन्धित मा0 न्यायालय को रिपोर्ट प्रेषित की गयी।*

***खनन डम्फर पकडने वाली पुलिस टीम–***

*1. प्रभारी निरीक्षक श्री सूबे सिंह थाना मिर्जापुर जिला सहारनपुर।*
*2. उ0नि0 श्री रामकुमार थाना मिर्जापुर जिला सहारनपुर।*
*3. हे0का0 847 धर्मेन्द्र थाना मिर्जापुर जिला सहारनपुर।*
*4. का0 1879 अमित कुमार थाना मिर्जापुर जिला सहारनपुर।*

**दिनांक- 27.06.2026**

**-प्रेस नोट-**

# थाना बेहट पुलिस द्वारा अवैध खनन परिवहन पर शिकंजा, 04 वाहनों/ट्रकों को बिना प्रपत्रो के उपखनिज का परिवहन करते सीज किया गया

*अवगत कराना है कि जिलाधिकारी सहारनपुर व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सहारनपुर के निर्देशन में अवैध खनन परिवहन पर अंकुश लगाने हेतु टास्क फोर्स गठित कर लगातार संघन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है।*

*इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक ग्रामीण, सहारनपुर एवं क्षेत्राधिकारी बेहट के निकट पर्यवेक्षण तथा प्रभारी निरीक्षक श्री जितेन्द्र सिंह दीखित के कुशल नेतृत्व में दिनांक 26.06.2026 को मुखबिर की सूचना पर थाना बेहट पुलिस टीम द्वारा चेकिंग के दौरान अवैध खनन परिवहन करते 04 वाहनों/ट्रको 1. HR58F5921, 2. HR58F7951, 3. HR58E6526, 4. HR58E2159 को उपखनिज व बिना प्रपत्रों के उपखनिज का परिवहन करते हुए सीज किया गया। उक्त ट्रकों को मय उपखनिज के थाना स्थानीय पर दाखिल किया गया तथा अग्रिम कार्यवाही के लिये उच्चाधिकारीगण को रिपोर्ट प्रेषित की जा रही है।*

## कार्यवाही का विवरणः-

1. *एक अदद ट्रक HR58F5921 बिना प्रपत्र मय खनन सामग्री*
2. *एक अदद ट्रक HR58F7951 बिना प्रपत्र मय खनन सामग्री*
3. *एक अदद ट्रक HR58E6526 बिना प्रपत्र मय खनन सामग्री*
4. *एक अदद ट्रक HR58E2159 बिना प्रपत्र मय खनन सामग्री*

## वाहन जब्त करने वाली टीम का विवरणः-

*1- क्षेत्राधिकारी बेहट, सुश्री प्रिया यादव*

*2- प्रभारी निरीक्षक श्री जितेन्द्र सिंह दीखित थाना बेहट जनपद सहारनपुर*

*3- उ0नि0 श्री धीरज सिंह थाना बेहट जनपद सहारनपुर*

*4- है0का0 523 पुनीत सिंह थाना बेहट जनपद सहारनपुर*

*5- का0 71 ब्रजवीर राणा थाना बेहट जनपद सहारनपुर*

*6- है0का0 1058 राहुल राणा थाना बेहट जनपद सहारनपुर*

दिनांक: 27.06.2026

-प्रेस नोट-

# वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद सहारनपुर, उत्तर प्रदेश

## थाना कोतवाली नगर पुलिस द्वारा 03 NBW वारण्टी अभियुक्तगण को किया गया गिरफ्तार

*अवगत कराना है कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, जनपद सहारनपुर के निर्देशन में अपराध की रोकथाम व वांछित/वारण्टी अपराधियो की गिरफ्तारी हेतु जनपदीय पुलिस द्वारा लगातार संघन चेकिंग की जा रही है। इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक नगर एवं क्षेत्राधिकारी नगर प्रथम के निकट पर्यवेक्षण मे तथा प्रभारी निरीक्षक को0नगर श्री प्रमोद कुमार सिंह के कुशल नेतृत्व में आज दिनांक 27.06.2026 को मुखबिर की सूचना पर थाना कोतवाली नगर पुलिस टीम द्वारा चेकिंग व गश्त के दौरान* ***03 वारंटी अभियुक्तगण 1. उस्मान पुत्र मौ0 अली निवासी मौ0 किला नबाबगंज थाना को नगर सहारनपुर*** *को सम्बन्धित एनबीडब्लू वाद सं0 1479/24 व मु0अ0सं0-295/16 धारा-25 आर्म्स एक्ट नियत दिनांक 09.07.2026 में,* ***2. फरमान पुत्र शकील निवासी मौ0 जोगियान समादार चौक थाना को0नगर सहारनपुर*** *को सम्बन्धित एनबीडबल्यू वाद सं0 3179/24 व मु0अ0स0 301/20 धारा 25 आर्म्स एक्ट दि0 पेशी 13.07.26 (माननीय न्यायालय अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट तृतीय, सहारनपुर) में व* ***3. सागर पुत्र रामकिशन निवासी गढी मलूक न0-1 थाना को0नगर सहारनपुर*** *को सम्बन्धित एनबीडबल्यू वाद सं0 1285/20 व मु0अ0सं0- 389/19 धारा- 63 आब0अधि0 नियत तिथि 10.07.26 (माननीय न्यायालय अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट तृतीय, सहारनपुर) में थाना क्षेत्र कोतवाली नगर से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार वारण्टी अभियुक्तों के विरूद्ध विधिक कार्यवाही करते हुए समय से मा0 न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।*

***गिरफ्तार अभियुक्तगण का नाम व पता –***

*1. उस्मान पुत्र मौ0 अली निवासी मौ0 किला नबाबगंज थाना को नगर सहारनपुर*
*2. फरमान पुत्र शकील निवासी मौ0 जोगियान समादार चौक थाना को0नगर सहारनपुर*
*3. सागर पुत्र रामकिशन निवासी गढी मलूक न0-1 थाना को0नगर सहारनपुर*

***गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम–***

*1. उ0नि0 श्री अरूण कुमार थाना कोतवाली नगर जिला सहारनपुर।*
*2. उ0नि0 श्री नितेश चौधरी थाना कोतवाली नगर जिला सहारनपुर।*
*3. है0का0 380 आजाद सिंह थाना कोतवाली नगर जिला सहारनपुर।*
*4. का0 1468 धर्मेन्द्र राणा थाना कोतवाली नगर जिला सहारनपुर।*
*5. का0 2486 जितेन्द्र कुमार थाना कोतवाली नगर जिला सहारनपुर।*

-प्रेस नोट-

दिनांकः 27.06.2026

# वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद सहारनपुर, उत्तर प्रदेश

## महिला थाना, सहारनपुर पुलिस द्वारा 01 वारन्टी अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार

अवगत कराना है कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद सहारनपुर द्वारा चलाए जा रहे वांछित /वारन्टी अभियुक्तो की धड़पकड़ के अभियान के अनुपालन में पुलिस अधीक्षक नगर व क्षेत्राधिकारी अपराध के निकट पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक कुसुम भाटी राणा के कुशल नेतृत्व में गठित टीम द्वारा 01 वारण्टी अभियुक्त **आरिफ पुत्र नियाजुद्दीन निवासी ग्राम नाहली थाना भोजपुर जनपद गाजियाबाद** संबंधित एनबीडब्लू वाद स0- 731/20, मु0अ0स0- 53/11 धारा- 498ए/323/506 भादवि व 3/4 डी0पी0 एक्ट चालानी थाना महिला थाना सहारनपुर (मा0न्यायालय सिविल जज(जू0डि0)/एफ0टी0सी0 सहारनपुर) को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार अभियुक्त के विरुध विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त का नाम पताः-**

आरिफ पुत्र नियाजुद्दीन निवासी ग्राम नाहली थाना भोजपुर जनपद गाजियाबाद ।

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम का नामः-**

1. उ0नि0 श्री गजेन्द्र सिह महिला थाना सहारनपुर ।
2. म0उ0नि0 सुमन्त्रा यादव महिला थाना सहारनपुर ।
3. है0का0 475 जगप्रवेश महिला थाना सहारनपुर

दिनांक- 27.06.2026

-प्रेस नोट-

# वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद सहारनपुर, उत्तर प्रदेश

## सहारनपुर पुलिस द्वारा "ऑपरेशन दहन" अभियान के तहत एनडीपीएस एक्ट से सम्बन्धित 51 मुकदमों में बरामद कुल 168.522 किलोग्राम नशीलें पदार्थों को मा0 न्यायालय के आदेश के अनुपालन में विनिष्टीकरण की कार्यवाही की गयी

*अवगत कराना है कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, सहारनपुर की अध्यक्षता में थानों पर लम्बित मालों के निस्तारण हेतु चलाये जा रहे अभियान* ***ऑपरेशन दहन*** *के तहत पुलिस अधीक्षक नगर के निर्देशन में माननीय न्यायालय के आदेश के अनुपालन में पुलिस अधीक्षक यातायात श्री शैलेंद्र श्रीवास्तव, क्षेत्राधिकारी देवबंद श्री शैलेंद्र कुमार गौतम, क्षेत्राधिकारी जी0आर0पी0 सहारनपुर, प्रभारी निरीक्षक जी0आर0पी0 सहारनपुर के निकट पर्यवेक्षण में तथा* ***प्रभारी निरीक्षक डी0सी0आर0बी0 श्री अविनाश गौतम*** *के कुशल नेतृत्व में जनपद सहारनपुर के समस्त थानों के हेड़ मोहर्रिर की मौजूदगी में* ***आज दिनांक 27.06.2026 को एनडीपीएस एक्ट से सम्बन्धित 51 मुकदमों में बरामद भिन्न-भिन्न प्रकार के नशीले पदार्थ*** *(गांजा-2 किलोग्राम, चरस-5.09 किलोग्राम, , स्मैक- 42 ग्राम, डोडा पोस्त-160.4 किलोग्राम व नशीली गोली-990 ग्राम)* ***कुल 168.522 किलोग्राम*** *को* ***सिनर्जी वेस्ट मैनेजमेंट प्राइवेट लिमिटेड सुभारती मेडिकल कॉलेज कैंपस, मेरठ की इन्सुंलेटर भट्टी में*** *समस्त माल को नष्ट कराकर विनष्टीकरण की कार्यवाही की गयी।*

### *नष्ट किया गया एनडीपीएस एक्ट से सम्बन्धित माल का विवरणः-*

- ☐ *2 किलोग्राम गांजा*
- ☐ *5.09 किलोग्राम चरस*
- ☐ *42 ग्राम स्मैक*
- ☐ *160.4 किलोग्राम डोडा पोस्त*
- ☐ *990 ग्राम नशीली गोली*
- ☐ *कुल नशीला पदार्थ 168.522 किलोग्राम*

### *एनडीपीएस एक्ट के माल निस्तारण हेतु गठित टीम का विवरणः-*

*1- श्री व्योम बिन्दल, पुलिस अधीक्षक नगर सहारनपुर।*
*2- श्री शैलेन्द्र कुमार श्रीवास्तव, पुलिस अधीक्षक यातायात सहारनपुर।*
*3- श्री शैलेंद्र कुमार गौतम,क्षेत्राधिकारी देवबंद*
*4- क्षेत्राधिकारी जी0आर0पी0 जनपद सहारनपुर।*
*5- श्री अविनाश गौतम प्रभारी निरीक्षक डीसीआरबी जनपद सहारनपुर।*
*6- प्रभारी निरीक्षक जीआरपी जनपद सहारनपुर।*
*7- समस्त थानो के हेड मोहर्रिर जनपद सहारनपुर।*

-प्रेस नोट-

दिनांक- 27.06.2026

# वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद सहारनपुर उत्तर प्रदेश

## थाना कोतवाली नगर पुलिस द्वारा कानून एवं शान्ति व्यवस्था भंग की आशंका के दृष्टिगत 02 अभियुक्तगण गिरफ्तार

*अवगत कराना है कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, सहारनपुर के निर्देशन में अपराध की रोकथाम व कानून एवं शान्ति व्यवस्था बनाये रखने के दृष्टिगत जनपदीय पुलिस द्वारा लगातार संघन चैकिंग अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक नगर व क्षेत्राधिकारी नगर प्रथम के निकट पर्यवेक्षण मे तथा प्रभारी निरीक्षक कोतवाली नगर श्री प्रमोद कुमार सिंह के कुशल नेतृत्व में आज दिनांक 27.06.2026 को थाना कोतवाली नगर पुलिस द्वारा चैकिंग व गश्त के दौरान **02 अभियुक्तगण** 1. **अभियुक्त आर्यन पुत्र अशोक निवासी मौ0 समाधि कालोनी कंकरखेडा जनपद मेरठ** 2. **फरमान पत्र रियासत निवासी ग्राम कपूरी थाना नकुड जनपद सहारनपुर** को कानून एवं शान्ति व्यवस्था भंग की आशंका के दृष्टिगत नवाबगंज चौक से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तगण के विरूद्ध आवश्यक विधिक कार्यवाही करते हुए समय से मा0 न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।*

### गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पताः-

1. फरमान पत्र रियासत निवासी ग्राम कपूरी थाना नकुड जनपद सहारनपुर।
2. आर्यन पुत्र अशोक निवासी मौ0 समाधि कालोनी कंकरखेडा जनपद मेरठ।

### गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीमः-

1. उ0नि0 श्री अरूण कुमार थाना कोतवाली नगर जनपद सहारनपुर।
2. का0 1468 धर्मेन्द्र राणा थाना कोतवाली नगर जनपद सहारनपुर।
3. रि0का0 1338 हर्षित कुमार थाना कोतवाली नगर जनपद सहारनपुर।

-प्रेस नोट-

दिनांक- 27.06.2026

# वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद सहारनपुर उत्तर प्रदेश

## थाना सरसावा पुलिस व राजस्व विभाग की संयुक्त टीम द्वारा चैकिंग के दौरान अवैध खनन परिवहन करते हुए 04 ट्रैक्टर-ट्रालियों को बिना वैध प्रपत्रों व अवैध खनन सामाग्री सहित किया गया सीज

*अवगत कराना है कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, सहारनपुर के निर्देशन में अपराध की रोकथाम, यातायात व्यवस्था सुदृढ़ीकरण व अवैध रूप से खनन सामग्री परिवहन करने वाले वाहनों के विरूद्ध जनपदीय पुलिस द्वारा लगातार संघन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है।*

*इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक ग्रामीण एवं उप जिलाधिकारी नकुड़ के निकट पर्यवेक्षण में तथा थानाध्यक्ष श्री प्रवेश कुमार शर्मा एवं के कुशल नेतृत्व में आज दिनांक 27.06.2026 को थाना सरसावा पुलिस व राजस्व विभाग की संयुक्त टीम द्वारा चैकिंग के दौरान 04 ट्रैक्टर-ट्रालियों को बिना वैध प्रपत्रों व अवैध खनन सामग्री सहित प्रभावी कार्यवाही करते हुए चौकी क्षेत्र शहाजहाँपुर में नियमानुसार सीज किया गया।*

*इस कार्यवाही का उद्देश्य जनपद सहारनपुर में अवैध खनन, ओवरलोडिंग एवं नियम विरुद्ध परिवहन पर प्रभावी अंकुश लगाना तथा पर्यावरण संरक्षण एवं कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखना है।*

**सीज वाहनों का विवरण**

*04 अदद ट्रेक्टर मय 04 ट्रॉली रेत से भरी हुयी*

**कार्यवाही करने वाली संयुक्त टीम का विवरणः –**

1. श्रीमान उप जिलाधिकारी नकुड़ मय राजस्व टीम जनपद सहारनपुर।
2. थानाध्यक्ष श्री प्रवेश कुमार शर्मा थाना सरसावा, जनपद सहारनपुर।
3. उ0नि0 श्री देवेन्द्र पाल सिंह तोमर थाना सरसावा जनपद सहारनपुर।
4. है0का0 599 प्रदीप कुमार थाना सरसावा जनपद सहारनपुर।
5. है0का 84 अनित कुमार थाना सरसावा जनपद सहारनपुर |
6. है0का0 532 ऋषिपाल सिंह थाना सरसावा जनपद सहारनपुर |
7. संग्रह आमीन जनपद सहारनपुर।

दिनांक- 27.06.2026

-प्रेस नोट-

**"ऑपरेशन सवेरा"**

*"नशे के अंधकार से जीवन के उजाले की ओर"*

## *!! सहारनपुर पुलिस की नशा तस्करों के विरूद्ध बड़ी कार्यवाही !!*

## *थाना सरसावा पुलिस द्वारा मादक पदार्थों की तस्करी करने वाला 01 नशा तस्कर अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे से 13 ग्राम अवैध स्मैक बरामद*

*अवगत कराना है कि श्रीमान पुलिस उपमहानिरीक्षक, सहारनपुर परिक्षेत्र, सहारनपुर द्वारा परिक्षेत्र सहारनपुर में मादक पदार्थों/नशे के अवैध कारोबार, प्रतिबंन्धित दवाओं की तस्करी,बिक्री पर प्रभावी रोकथाम के लिए ठोस एवं समन्वित कार्यवाही हेतू परिक्षेत्र सहारनपुर के तीनो जनपदो में **"ऑपरेशन सवेरा" – "नशे के अंधकार से जीवन के उजाले की ओर"** अभियान चलाया जा रहा है जिसके अन्तर्गत नशा तस्करो के विरूद्ध आवश्यक कार्यवाही करने हेतू आदेशित किया गया है।*

*इसी क्रम में **वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, सहारनपुर** के निर्देशन में मादक पदार्थो की तस्करी/बिक्री की रोकथाम व नशे के कारोबार मे लिप्त अपराधियो की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम मे पुलिस अधीक्षक ग्रामीण एवं क्षेत्राधिकारी नकुड़ के निकट पर्यवेक्षण में तथा थानाध्यक्ष श्री प्रवेश कुमार शर्मा के कुशल नेतृत्व में दिनांक 27.06.2026 को थाना सरसावा पुलिस द्वारा गस्त/चैकिंग के दौरान 01 शातिर नशा तस्कर उस्मान पुत्र अब्दुल रहीम निवासी ग्राम धौलापड़ा थाना सरसावा जनपद सहारनपुर को ग्राम धौलापड़ा में कब्रिस्तान के पास वाले चौराहे से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के कब्जे से 13 ग्राम अवैध स्मैक बरामद हुई। गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर अभियुक्त के विरुद्ध थाना सरसावा पर मु0अ0सं0 213/2026 धारा 8/21 एनडीपीएस एक्ट पंजीकृत किया गया। । गिरफ्तार अभियुक्त एक शातिर किस्म का अभ्यस्त अपराधी है, अभियुक्त उपरोक्त द्वारा मादक पदार्थों के अवैध कारोबार के संबंध में FORWARD AND BACKWARD लिंको की जाँच की जा रही है। गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध अन्य आवश्क विधिक कार्यवाही कर समय से माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।*

***गिरफ्तार अभियुक्त का नाम पता-***

*उस्मान पुत्र अब्दुल रहीम निवासी ग्राम धौलापड़ा थाना सरसावा जनपद सहारनपुर*

***बरामदगी का विवरण:-***

- *13 ग्राम नशीला पदार्थ स्मैक नाजायज*

***गिरफ्तार करने वाली पुलिस पार्टी का विवरण-***

1. *थानाध्यक्ष श्री प्रवेश कुमार शर्मा थाना सरसावा सहारनपुर*
2. *उ0नि0 श्री गौरव कुमार थाना सरसावा जनपद सहारनपुर*
3. *है0का0 361 मनोज थाना सरसावा जनपद सहारनपुर*
4. *का0 2367 योगेश कुमार थाना सरसावा जनपद सहारनपुर*